हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 26 जून 2024

11 राज्यपाल अवार्डी 14 वर्षीय यशवी ने जन्मदिन ...



12 करोड़ों खर्च करने पर भी पंडित दीनदयाल...



**खबर संक्षेप**

### कटिंग करवाने आए युवक के साथ मारपीट, केस दर्ज

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में कटिंग करवाने के लिए आए युवक के साथ मारपीट करके घायल करने पर पुलिस ने चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस में दिए ब्यान में वार्ड 6 निवासी मोनू ने बताया कि वह शुक्रवार को साढ़े सात बजे नाई की दुकान पर बाल कटवाने के लिए गया था। वह दुकान में बैठा हुआ था तभी अंकित, सन्नी, मंदीप, बन्सु हाथों में लोहे की राड, डंडे लेकर आए और आते ही एकदम से मारपीट शुरू कर दी। मेरे ताऊ के बेटे सीताराम के वहां आने पर वे भाग गए और मारने की धमकी दे गए। पुलिस ने चार के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक आज

**भिवानी।** सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी ने बताया कि 26 जून शाम को छह बजे महम रोड, गिरिराज कॉलोनी में सैनी समाज के भिवानी जिले का परिचय सम्मेलन करने के बारे अहम बैठक इंजीनियर सुरेश सैनी के निवास स्थान पर होगी, जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सैनी समाज के लोगों के उत्थान के लिए सैनी परिवार मिलन सम्मेलन का आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस विशेष सम्मेलन का उद्देश्य समाज के सभी सदस्यों को एक मंच पर लाना, आपसी परिचय बढ़ाना, और समाज के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करना है।

# मिशन एडमिशन : 7390 सीटों के लिए साढ़े 12 हजार आवेदन

## कभी सर्वर बिजी तो कभी रुक रुककर चला, तीन को लगेगी पहली सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महाविद्यालयों की पीजी कक्षाओं में दाखिले का पंजीकरण अंतिम दौर में है। आज देर शाम पंजीकरण वाला पोर्टल बंद हो जाएगा। अभी तक शहर के कॉलेजों में 7390 सीटों के लिए करीब साढे 12 हजार बच्चों के पंजीकरण हो चुके है। देर शाम तक इनका आंकड़ा बढ़ सकता है। फिलहाल एक सीट पर दाखिले के लिए दो बच्चों का पंजीकरण हुआ है। या यूं कहिएं कि एक सीट पर दाखिला पाने के लिए दो बच्चे लाइन में है।

खैर उक्त संख्या में से बच्चों की संख्या कम हो सकती है। इनमें से कई बच्चों ने आईटीआई व अन्य जगहों पर दाखिले के लिए आवेदन किए हुए है। इनमें कला संकाय, वाणिज्य व विज्ञान संकाय की सीटें शामिल है। इन सीटों पर आज देर शाम तक पंजीकरण होगा। उसके बाद बुधवार को ऑन लाइन फार्मो की जांच होगी और पहली प्रोविजनल सूची दो जुलाई को कॉलेजों के पास भेजी जाएगी। 3 जुलाई को पहली फाइनल सूची जारी होगी।

राजीव गांधी महिला कॉलेज में बीए की 640 सीटें, बीकॉम 180,बीएससी नॉन मेडिकल 120,



■ राजीव गांधी महिला कॉलेज में बीए की 640 सीटें, बीकॉम 180,बीएससी नॉन मेडिकल 120 साटें

बीएससी कम्प्यूटर साइंस 90, बीसीए 120, एमकॉम 40 एमएससी 50 सीटें है। उक्त कॉलेज में 1240 सीटों पर दाखिला होना है,जिन पर करीब 24 सौ के आसपास आवेदन पंजीकृत हो चुके है।

महाराजा नीमपाल सिंह कॉलेज में आठ कोर्स के लिए 2040 सीटों के लिए 4100 आवेदन आए है। वैश्य महाविद्यालय में कला संकाय की 1880 सीटों के 31 सौ आवेदन आए है। इनमें कॉलेज की सभी संकाय की सीटें शामिल है। इसी तरह आदर्श महिला महाविद्यालय में 1160 सीटों के 21 सौ तथा बवानीखेड़ा के कॉलेज में बीए क्लास के लिए 240, बीकॉम की 80 तथा बीएससी की 40 सीटों पर दाखिला होना है। जिन पर 600 बच्चों के पंजीकरण हुआ है। इस दौरान कई बार सर्वर डाऊन तो कभी बिजी हुआ। कई बार सर्वर भी अटकने से बच्चों का पंजीकरण नहीं हो पाया है। यह स्थिति पूरे दिन बनी रही। पहली फाइनल सूची 3 जुलाई को लगेगी, चार जुलाई से लेकर 8 जुलाई तक फीस जमा करवानी होगी।

दूसरे राऊंड की काऊंसलिंग 10 जुलाई को होगी। फीस 10 जुलाई से 12 जुलाई तक जमा होगी। 16 जुलाई को ऑन लाइन पोर्टल फिर से खुलेगा। 16 से 22 जुलाई तक बाकी बची सीटों पर लेट फीस के साथ दाखिला होगा।

### कॉलेज की सहमति के बाद होगी फाइनल लिस्ट जारी, कॉलेज में लगाए ऑनलाइन के काउंटर

**भिवानी।** पहली बार हायर एजुकेशन विभाग ने दाखिले की सूची को फाइनल टच देने से पहले संबंधित कॉलेज से ओके करवाना होगा।अगर किसी कॉलेज ने सूची में गड़बड़ी जताई तो इस सूची को फिर दुरुस्त किया जाएगा। जब तक संबंधित कॉलेज पॉजिटिव रिपोर्ट नही देगा,तब तक लिस्ट फाइनल नही होगी। हालाकि यह परकीर्य कॉलेज को उसी दिन करनी होगी। इसी क्त्रम में हायर एजुकेशन विभाग द्वारा पहली प्रोविजनल लिस्ट 2जुलाई को जारी करेगा। कॉलेज द्वारा ओके रिपोर्ट देने पर तीन जुलाई को फाइनल रिपोर्ट जारी करेगा। इस बारे में हायर एजुकेशन विभाग ने सभी कॉलेजों को लेटर भेजकर सूचित कर दिया।

**दाखिले की तयारी शुरू**

वैश्य कॉलेज के प्राचार्य संजय गोयल ने बताया कि प्रोविजनल सूची से संबंधित जानकारी उनके पास पहुंच गई है। साथ ही उन्होंने बच्चो के दाखिले की तैयारी शुरू करवा दी है। बच्चो के पंजीकरण के लिए कॉलेज में काउंटर स्थापित किए गए।

### पंजीकरण का प्रिंटआउट भी दिया जा रहा।

हायर एजुकेशन विभाग के दाखिले का भेजे गए शेड्यूल के हिसाब से 25 जून तक बच्चो के ऑनलाइन पंजीकरण होगे। उसके बाद फार्मों की छंटनी का कार्य पूरा होगा। बच्चो के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए कॉलेजों में काउंटर स्थापित किए हैं। उन पर तीन से चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। कंप्यूटर पर हायर एजुकेशन विभाग की साइट पर ऑन लाइन पंजीकरण किया जा रहा हैं। साथ ही स्टूडेंट को पंजीकरण का एक प्रिंटआउट भी दिया जा रहा।

**चार जुलाई को जमा होगी फीस :** हायर एजुकेशन विभाग ने कॉलेज से ओके रिपोर्ट मिलने के बाद तीन जुलाई को पहली सूची जारी होगी। 4 जुलाई को बच्चो को फीस जमा करवानी होगी।इसके अलावा 15 जुलाई को बच्चो की फिजिकल काउंसलिंग करवाई जाएगी।

# 7वीं जिला स्तरीय स्वीमिंग प्रतियोगिता 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय टीम के लिए किया जाएगा

घिकाड़ा रोड स्थित आर्यन स्कूल परिसर में 7वीं जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन 30 जून को किया जाएगा। प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर पुरुष व महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय टीम के लिए किया जाएगा।

जिला स्विमिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी जगत सिंह डूडी ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरूष व महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और अलग अलग उम्र कटेगरी रखी गई है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को 30 जून को सुबह 7 बजे तक आर्यन स्कूल में रिपोर्ट करनी होगी। उन्होंने बताया कि सीनियर वर्ग में किसी भी उम्र के खिलाड़ी हिस्सा ले सकती हैं, वहीं जूनियर वर्ग के ग्रुप एक में 15 से 17 वर्ष तक के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ग्रुप दो में 12 से 14 और ग्रुप तीन ने 10 से 11 उम्र के खिलाड़ी भाग लेंगे। ग्रुप 4 में 8 से 9 और पांचवें ग्रुप में 6 से 7 वर्ष तक के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। जगत सिंह डूडी ने बताया की प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया की 30 जून को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी आयु संबंधित प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज लेकर पहुंचे।

# सेना के जवान को ऑनलाइन फोन मंगवाना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

■ धोखाधड़ी से 69801 रुपये की लगाई चपत

बाढ़ड़ा निवासी सेना के जवान को ऑनलाइन मोबाइल फोन मंगवाना मंहगा पड़ गया। उसके साथ धोखाधड़ी कर 69 हजार 801 रुपये की चपत लगा दी गई। फौजी ने बाढ़डा थाना पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बाढ़ड़ा निवासी हाफिज खान ने बताया कि वह आर्मी में नौकरी करता है। 16 मई 2024 को उसने फ्लीपकार्ट से ऑनलाइन मोबाइल फोन ऑर्डर किया था। जिसके बाद उसे एक फोन नंबर से कॉल आई और सामने वाले अपने आप को फ्लीपकार्ट कस्टंबर केयर से बताया। फोन करने वाले उक्त व्यक्ति ने बोला कि आपको 5 रुपये पे करना होगा और उसने एक यूपीआई कोड दिया । जैसे ही उसने वो कोड यूपीआई आईडी में डाला तो उसके खाते से 69801 रुपये निकल गए और उन्होंने फोन कॉल काट दिया।

# सुसाइड मामले में परिजनों ने लगाया हत्या के लिए मजबूर करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

■ मृतक रमेश ने आत्महत्या करने से पहले लिखा था सुसाइड नोट

गांव सरल में एक व्यक्ति ने करीबन एक माह पहले आत्महत्या कर ली थी। मृतक के परिजनों ने 5 लोगों पर हत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की मृतक ने सोसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई राजेश ने पुलिस को बताया कि उसके भाई क़रीबन 40 वर्षीय रमेश का शव 25 मई को घर के पास बने टैंक में तैरता मिला था। मृतक रमेश ने आत्महत्या करने से पहले सोसाईड नोट लिखा था। जिसमे हसने लिखा था कि सरल निवासी अंशु ने एसबीआई बैंक में होटल व रेस्टोरेंट के नाम से खाता खुलवाया था। सोसाईड नॉट में रमेश ने लिखा कि अंशु ने कहा था कि आनलाईन गेमिंग ऐप से पेमेन्ट आएगी और राशि हम दोनो की आधी आधी होगी। इसके बाद पैमेन्ट 1.25 करोड आई है। वह राशि अंशु के दोस्त सोनू ने अपने खातें में ट्रांसफर कर ली और जो करंट खाता था वह ब्लॉक हो गया। अब खाते में 1.70 लाख रूपये हैं। रमेश ने सोसाइड नोट में लिखा कि केवल 44 हजार रूपये ही मिले थे जबकि उसकी बात अंकाउट में जितनी पेमेन्ट आएगी उस पेमेंन्ट में आधे का हिस्सेदार था। रमेश ने सोसाईड नोट में लिखा कि इस गिरोह का मास्टर माईंड सरल निवासी अंशु, भगड़ाना निवासी सोनू, सुरेन्द्र निवासी भगडाना, संजय निवासी भगडाना है। रमेश के खाते की नेटवैकिंग व पासवर्ड अंशु, सोनू, सुरेन्द्र, संजय पास थे। जो खाता नम्बर दिया है वो अंशु और सोनू के पास है और इन्होंने 5 खाते और मांगे है। पिछले खाते में आई रकम का कोई हिसाब नही दिया। अंशु गुडगांव में रहते है। सोनू का ताउ भी कभी.कभी गुडगांव आता है। सोनू के ताउ के लडके ने रूपये ट्रांसफर किये है। उसकी स्टेटमेंट निकाल लेना। 1.24 करोड रूपये की डील सोनू करवाने वाला था मैं सोनू और अंशु के कारण व रूपयो की दिक्कत के कारण इस दुनिया से दुर जा रहा हूँ। मैंने लोगो से 62 लाख रूपये के चक्कर में लोगो से उधार रूपये उठाये थे। मेरे फोन व व्हाटसप पर सब सबूत व बात चीत है। मेरे द्वारा लोगो से रूपये लेने शरमिदा व बेज्जती होने के कारण उक्त लोगो अंशु, सोनू, सोनू का ताउ, सोनू के ताउ का लडका ने मुझ आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया। पांच बैंक खाते खुलवाकर रखे है। राजेश ने बताया कि उसके भाई मृतक रमेश ने सुसाईड नोट में लिखा है कि प्रीति भारद्वाज को नौकरी लगवाने के लिये 8.50 लाख रूपये दे रखे है। जोकि प्रीति भारद्वाज व अमन भारद्वाज चण्डीगढ के रहने वाले है। राजेश ने बताया कि उसके भाई की मौत का दूसरा कारण दोनो पति पत्नी है। मेरे भाई द्वारा लिखा हुआ। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सोई पत्नी पर मोगरे से किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गांव दुल्हेड़ी में एक व्यक्ति ने बीती रात को गहरी नींद सो रही पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने पत्नी के सिर को लकड़ी के मोगरे द्वारा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी नशे का आदि रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव दुल्हेड़ी निवासी रोशन ने सोमवार.मंगलवार की रात दरमियान गहरी नींद में सो रही पत्नी गंगा के सिर को लकड़ी के मोगरे से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया और सिर का कचूमर निकाल दिया। महिला गंगा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी सुबह गांव में फैली तो हर कोई सदमे में था। जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी शिव



मृतका गंगा। फाइल फोटो।

■ नशे का आदी है आरोपित पति

■ सिर पर किए कई वार, महिला की मौके पर ही मौत

■ मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू

कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई हिसार निवासी मदन की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में मदन ने बताया है कि करीबन 25 वर्ष पहले बहन की शादी दुल्हेड़ी निवासी रोशन लाल के साथ हुई थी। बहन के दो बच्चे हैं एक लड़का व एक लड़की है। लड़की शादीशुदा है जिसका करीबन दो माह पहले विवाह हुआ है। लड़का दुल्हेड़ी में प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता है। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि रोशन मेरी बहन के साथ काफी समय से मारपीट करता था। थाना प्रभारी शिवकुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामूली कहासुनी की बात सामने आ रही है। आरोपी शराब का नशा करता है। जांच के बाद स्थिति साफ होगी कि असल वजह क्या रही है, जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**भिवानी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चेए जिनकी आयु 31 जुलाई को पांच से 18 आयु वर्ष तक हो को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों ही पुरस्कारों में एक.एक लाख रुपए की राशि एवं एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने घायल एवं बीमार गोवंश का किया उपचार

**भिवानी।** गाय को माता का दर्जा दिया गया हैं और गाय की रक्षा एवं सुरक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। गोवंश की सेवा के कर्तव्य को गोरक्षक बाखूबी निभाते आ रहे हैं, वे न केवल गोवंश की सेवा करते है, बल्कि अन्य लोगों को भी इसके प्रति प्रेरित सनातन संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का काम करते है, ये बात पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने गौरक्षों की गौवंश के प्रति सेवा भाव को देखते हुए उनका आभार जताते हुए कही। उन्होंने गोरक्षका दल के प्रधान संजय परमार को घायल गोवंश की उपचार के लिए ग्लूकोज की बोतल, पट्टी, दवाई, सैनेटाइजर सहित अन्य दवाईयां भी भेंट की। संभ्रवाल ने कहा कि गौरक्षकों को जहां भी कोई गोवंश घायल या बीमार अवस्था में दिखाई देता है तो वे तुरंत प्रभाव से उसकी सेवा मे जुट जाते है। इस मौके पर गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने ट्रस्ट के संस्थापक संभ्रवाल का आभार जताया। इस अवसर पर विरेंद्र मिंटू, शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा, निवास, सुरेश मेहरा, मास्टर दीपक आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** गोरक्षकों को दवाइयां भेंट करते पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल।

# कार्यकारी अभियंता डिविजन नंबर 2 के कार्यालय पर धरना जारी

**भिवानी।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ ने मांगों व समस्याओं के लिए कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत डिविजन नंबर 2 के प्रांगण में दूसरे दिन भी धरना जारी रखा।

धरने में विशेष रूप से प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीभगवान अहलावत, प्रांतीय कार्यालय सचिव राजकुमार सैन व जिला प्रधान सुरेन्द्र टोनी उपस्थित रहे। धरने की अध्यक्षता ब्रांच सचिव बिजेन्द्र परमार ने की। धरने का संचालन शहरी ब्रांच के प्रधान जयकिशन शर्मा ने किया। ये जानकारी मिडिया प्रभारी अमित कुमार जांगड़ा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। धरने को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय मुख्य सलाहाकार सज्जन भारद्वाज ने कहा कि अधिकारियों का रवैया कर्मचारियों की मांगों को सुलझाने का नहीं लगता है, जिससे कर्मचारियों में बहुत भारी रोष है। शहरी ब्रांच के सचिव बिजेन्द्र परमार ने बताया कि कार्यकारी अभियंता का कर्मचारियों की मांगों के प्रति नकारात्मक लगता है, जिससे संगठन में बहुत भारी रोष व्याप्त है।



## खिलाड़ी 5 से 14 अगस्त को होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे

# अलखपुरा के खिलाड़ियों ने हरियाणा राज्य प्री.सुब्रतो किया अपने नाम

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

गांव अलखपुरा की फुटबॉल खिलाड़ियों ने अंबाला में आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता प्री.सुब्रतो में अपनी जगह बनाते हुए 5 से 14 अगस्त को दिल्ली में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो टूर्नामेंट की तैयारियों में जुट गए हैं। खिलाड़ियों ने इसका श्रेय अपने कोच सोनिका बिजारनिया सहित पूरी टीम को दिया है। उल्लेखनीय है कि अलखपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की फुटबॉल की खिलाड़ियों ने अपनी विजयपताका के झंडे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गाड़ने का कार्य किया है। ऐसा कोई फुटबॉल मैच नहीं हुआ जिसमें अपना अहम स्थान प्राप्त न किया हुआ। उसी विजयपताका की पगडंडी को बरकरार रखते हुए 23 से 25 जून 2024 तक अंबाला के वार हीरोज स्टेडियम में आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता प्री.सुब्रतो में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते हुए दिल्ली जाने का रास्ता साफ कर लिया।

### पहले खंड, जिला व अब राज्य स्तर पर मारी बाजी

प्राचार्य सुरेश यादवए प्रेजीडेंट सुरेश जाखड़, पीटीआई अनूप सिंह, प्रवक्ता मंजू, जिला खेल अधिकारी धुरेन्द्र सिंह हुडडा, संजय चौहान, सरपंच राजदीप, गोरधन पीटीईआई ने बताया कि खिलाड़ियों ने पहले खंड स्तर पर, फिर जिला स्तर और हालिया हरियाणा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता प्री.सुब्रतो में बाजी मारकर अपना नाम सुनेहरी अक्षरों में दर्ज करवाने का कार्य किया है। इस प्रतियोगिता को क्वालिफाई करते हुए दिल्ली जाने का रास्ता साफ कर लिया। अब 5 से 14 अगस्त को होने वाली इंटरनेशनल टूर्नामेंट सुब्रतो कप जो दिल्ली में आयोजित होगी। सभी खिलाड़ी उसकी तैयारी में जुट गए हैं। सभी ने खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई की इस इसका श्रेय कोच सोनिका बिजारनिया व खिलाड़ियों को दिया। पूरे राज्य के खिलाड़ियों ने लिया भाग कोच सोनिका ने बताया कि प्रत्येक जिले से 16.16 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सुब्रतो कप में केवल एक ही स्कूल की टीम होती है। उनके अलखपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 16 खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत के बलबूते पर अव्वल स्थान पाकर दिल्ली की तैयारियों में जुट गए हैं। कोच ने इसका श्रेय खिलाड़ियों व समय समय पर मार्गदर्शन व सहयोग करने वाले अधिकारियों को दिया।



बवानीखेड़ा। अंबाला में आयोजित प्री .सुब्रतो में अपनी जगह बनाने की खुशी में मौजूद खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### भिवानी में पति ने टावर से कूदकर की आत्महत्या , पुलिस ने केस दर्ज किया

**भिवानी।** गांव दिनोद में एक व्यक्ति ने मोबाइल टॉवर से कूद कर आत्महत्या कर ली। परिवार द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिवानी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पत्नी व उसके ससुरालवासियों से परेशान होकर यह कदम उठाया है। गांव दिनोद निवासी प्रवीण ने बताया कि उसके बड़े भाई 32 वर्षीय नरेन्द्र और उसकी शादी 5 साल पहले गांव देवसर में हुई थी। दोनों भाइयों की पत्नी सगी बहन है। प्रवीण ने बताया कि उसके भाई नरेन्द्र की पत्नी दर्शना अक्सर झगड़ा करती रहती थी। मायके वालों को बुलाकर मारपीट करवाती थी।

**नरेंद्र व पिता पर किया था हमलाः** प्रवीण ने बताया कि पहले भाई की पत्नी दर्शना और उसके परिवार के लोगों ने गांव दिनोद आकर नरेंद्र व पिता मुकेश पर हमला कर घायल कर दिया था। हमने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। अब यह मामला वापस लेने के लिए दबाव डाला जा रहा था। नरेंद्र को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जिससे तंग आकर उसका भाई नरेन्द्र आज दोपहर को गांव में घर के सामने ही मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। उसने टावर पर चढ़े हुए ने ही कहा कि पत्नी दर्शना देवी व ससूराल वालों से तंग आकर आत्महत्या कर रहा है। हम कुछ कर पाते इससे पहले ही उसने टावर से छलांग लगा दी।



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

लाइफ Style

# जाह्नवी बुरी तरह हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।

इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'



## हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।



# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑसट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

# करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का



अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।

# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब



वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।

# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

## खबर संक्षेप



बवानीखेड़ा। नशे की रोकथाम के लिए प्रेरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नशे के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में पुलिस प्रशासन द्वारा नपा कार्यालय के पास स्थित मार्किट में नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। इस नशा मुक्ति हरियाणा पखवाड़ा में एसआई राजबीर सिंहए कॉस्टेबल रतिभान संग मिलकर नशे के नुकसान के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि बताया कि हरियाणा राज्य नाकार्ेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी् सिंह, आईपीएस अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार, एचपी एस के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी विशेष रूप से इस पर प्रेरित किया जा रहा है।

### अध्यापक संघ ने नई खंड कार्यकारिणी का किया गठन

**बाढ़ड़ा।** खंड बाढ़डा में अनुसूचित राजकीय अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मंगलवार को बाढ़ड़ा के रविदास मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संदीप दगडौली को खंड बाढ़डा का प्रधान व सुरेंद्र गोपी को कोषाध्यक्ष चुना गया। आपकी जानकारी के लिए बता दे कि खंड कार्यकारिणी गठन के लिए रविदास मंदिर बाढ़डा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान ज्योति मोरवाल ने की। पर्यवेक्षक के रूप में राज्य कार्यकारणी सदस्य अरुण भौरिया उपस्थित रहे और चुनी गई खंड कार्यकारिणी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। नव नियुक्त खंड प्रधान संदीप दगडौली ने जानकारी देते हुए बताया कि नई कार्यकारिणी का गठन 2024 व 26 के लिए किया गया है।

### सीएम नेओबीसी समाज के लिए की नायाब घोषणाएं :महेंद्र यादव

**भिवानी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए क्रीमिलेयर आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रूपये सालाना किए जानेए गुरप.ए और गुरप.बी के पदों में पिछड़े वगार् का आरक्षण 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने व पिछड़ा वर्ग.ए और बी के बैकलॉग को भी प्राथमिकता के आधार पर भरे जाने की घोषणा करने का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने मंगलवार को स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड के कार्यालय पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। महेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पिछड़ा वर्ग के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण है। मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की हैए उससे पिछड़ा वर्ग को गुणात्मक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन देगा। क्योंकि लंबे समय के बाद किसी सरकार ने पिछड़ा वर्ग के हितों के बारे में सोचा है।

## पर्यावरण संरक्षण की ओर बढ़ाया कदम : कौशिक

# राज्यपाल अवार्डी 14 वर्षीय यशवी ने जन्मदिन पर लगाएं चौदह पोधे

- राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय कर चुके हैं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी की कला, साहित्य एवं सामाजिक कार्यों को समर्पित संस्था कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी की 14 वर्षीय राष्ट्रीय बाल कलाकार एवं राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से सम्मानित यशवी ने कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी भिवानी द्वारा संचालित हो रही एक पौधा एक जीवन मुहिम के तहत 14 पौधे लगाए और 14 पौधे वितरित किए। यशवी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से लोगो के जीवन में रंग भरना ही मेरा मकसद हैं। यशवी ने मंगलवार को अपने 14वें जन्मदिन पर गांव कोंट और शांति नगर में एक पौधा एक जीवन मुहिम के तहत 14 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ऑक्सीजन चाहिए तो एक पौधा जरूर लगाने का संदेश शांति नगर व कोंट गांव के लोगो को दिया। संस्था के माध्यम से 2019 से अब तक 3358 पौधें लगाए गए हैं, जिनकी देखभाल भी की जाती है। राष्ट्रीय बाल कलाकार राज्यपाल से पुरस्कृत यशवी ने पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का श्रेय अपने पिता पवन कौशिक को दिया, जो नृत्य एवं नाट्य विधा के अध्यापक हैं। इस अवसर पर कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक कलाकार व डांस रियलिटी शो डांस इंडिया डांस के प्रतिभागी रहे सुनील कौशिक, कैप्टन सतीश, मीनाक्षी, अंजली, जतिन, दीक्षा, राष्ट्रीय कलाकार नैना कौशिक, आरती, इप्शिता, ध्वनि, अजय जांगड़ा, तमन्ना, बबिता आदि उपस्थित रहे।





भिवानी। पौधरोपण करते राज्यपाल अवार्डी यशवी व अन्य तथा गांव मानहेरू की सीएचसी व श्याम मंदिर में पौधरोपण करते सुजान परमार व युवा साथी।

## पर्यावरण प्रेमी ने पांच पौधे रोपित कर लिया संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आज प्रत्येक नागरिक बढ़ते तापमान एवं पर्यावरण में हो रहे बदलाव से काफी परेशान है।

पर्यावरण के बदलाव से सामने आ रहे दुष्प्रभावों से निजात पाने के लिए हर कोई अच्छे पर्यावरण की उम्मीद तो करता है, लेकिन इस दिशा में कम ही लोग कदम उठाते है, जो पर्याप्त नहीं है, ऐसे में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक जन को पौधरोपण की दिशा में अपने कदम बढ़ाने होंगे। इसी कड़ी में विधायक घनश्याम सर्राफ एवं पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार की प्रेरणा से सामाजिक कार्यकर्ता सुजान परमार एवं साथियों ने गांव मानहेरू के सीएचसी व श्रीश्याम मंदिर में पांच पौधों का रोपण कर संरक्षण का बीड़ा उठाया। उन्होंने संकल्प लिया कि मानसून के सीजन में अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर उनके पेड़ बनने तक देखभाल करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता सुजान परमार ने कहा कि मानव की जनसंख्या तो लगातार बढ़ रही है, लेकिन पेड़-पौधों की संख्या निरंतर कम होती जा रही है।

### बरसात के मौसम में अधिक से अधिक लगाएं पौधें

परमार ने कहा कि पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना बिल्कुल भी नहीं की जा सकती है। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पौधरोपण के आगे सारे प्रयास बौने हैं, ऐसे में लोग बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधें लगाएं और उनकी देखभाल का संकल्प लें तो सर्दी के मौसम में चरम पर पहुंचने वाला प्रदूषण काबू किया जा सकता है। इस अवसर पर उमेश, उमेश शर्मा, कुलदीप परमार, अजय, संजीत यादव आदि मौजूद रहे।



भिवानी। बड़ चौक पर पौधों पर लगे ट्री गार्डों को ऊपर उठाते भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## पर्यावरण प्रेमी ने 21 पौधों पर लगाए ट्री गार्डों को किया ऊंचा

- बेसहारा पशु विचरण करते समय पौधों को करते थे नुकसान लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना उद्देश्य : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला प्रशासन एवं जनता द्वारा शहर में हर वर्ष लाखों पौधें लगाए जाते है, लेकिन देखरेख के अभाव में अधिकतर पौधें या तो सूख जाते हैं या जानवरों का निवाला बन जाते है, जिसके लिए जरूरी है कि पौधरोपण के दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि जो पौधें रोपित किए हैं, उनका संरक्षण करना केवल रोपित करने वालों की ही नहीं हम सब की जिम्मेदारी है, जिससे आने वाली पीढ़ी को समस्याओं से ना जूझना पड़े।

ये बात भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा ने बड़ चौक से महम चौक तक समिति द्वारा रोपित पौधों पर लगाए ट्री गार्डों को ऊंचा व उनकी देखभाल करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि अब ये पौधें पशुओं की पहुंच से बाहर होने की वजह से बच सकेंगे। समिति 25 जून 2022 से निरंतर प्रदूषण नियंत्रण व पर्यावरण संरक्षण पर कार्य कर रही है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक पौधें रोपण व संरक्षण कर बिगड़ते पर्यावरण व जलवायु असंतुलन को नियंत्रित करने के साथ अन्य लोगों को भी प्रेरित करना है। समिति का उद्देश्य आमजन की पौधरोपण एवं संरक्षण में मदद करने के लिए उन्हें जरूरत का सामान उपलब्ध करवाना भी है। वर्मा ने नागरिकों से आह्वान किया कि यदि कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान को गोद लेकर उसे हरा-भरा बनाना चाहता है तो स्थान का विवरण व उपलब्ध संसाधनों का ब्योरा व्हाट्सएप पर जिला वन अधिकारी एवं भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति को भेज सकता है। परिंदों के लिए घोसला बनाने योग्य खाली बोतल या डिब्बा देकर पक्षियों के लिए घोसला प्राप्त कर सकते हैं।

## एसडीएम हरबीर सिंह ने निपुण हरियाणा को लेकर की समीक्षा बैठक और दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- बैठक में शिक्षकों को शिक्षा सुधार के लिए जरूरी निर्देश दिए

एसडीएम हरबीर सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में शिक्षा विभाग की निपुण हरियाणा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिक्षकों को शिक्षा सुधार के लिए जरूरी निर्देश दिए।

एसडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि जिला की प्राथमिक स्कूलों में निपुण हरियाणा मिशन के तहत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता ;एफएलएनद्ध प्रशिक्षण प्राप्त सभी अध्यापक एफएलएन के दिशानिर्देशन अनुसार अध्यापन कार्य करवाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से कक्षा एक

से तीन तक के स्कूली बच्चों को खेल ही खेल में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने व शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ाने के लिए शुरू की गई निपुण हरियाणा कार्यक्रम से शिक्षा में सुधार हुआ है। विद्यार्थियों का प्राथमिक स्तर से ही शिक्षा की क्षेत्र में मज़बूत आधार बनाने के लिए शुरू से ही उन पर ध्यान देने की ज़रूरत है। बच्चों को गुणवत्तापरक प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए और इस दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा चलाया गया निपुण हरियाणा कार्यक्रम काफ़ी कारगर सिद्ध हो रहा है है। इस कार्यक्रम से प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के बेहतर ढंग सीख कर अपने कार्य में निपुण बन रहे हैं। बैठक में एसडीएम ने कहा कि मेंटर की स्कूल विजिट की कमी पर शिक्षा विभाग ऐसे मेंटर्स जिनकी विजिट 70 प्रतिशत से कम है उनकी एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर उसमें सुधार लाए। नोडल अधिकारी ने एसडीएम को बताया कि बच्चों की गणित, अंग्रेजी, हिन्दी अर्थात अन्य भाषा में सुधार लाने का प्रयास किया गया है।

## हुड्डा की करोड़ों की सौगातों को भाजपा ने किया नामंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- आज तक गांव में आईटीआई नहीं बन पाई

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं अधिवक्ता विकास कुमार ने कहा कि विगत में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रामकिशन फौ जी पूर्व सीपीएस की मांग पर गांव कलिंगा व खरक में विकास कार्यों की करोड़ों की सौगात दी थी। उनमें आईटीआई सहित अनेक संस्थान कार्य थे,लेकिन भाजपा को खरक कलिंगा के विकास की बात रास नहीं आई और सता संभालते ही सबसे पहले उन सौगातों को नामंजूर कर दिया। जिसके चलते आज तक गांव में आईटीआई नहीं बन पाई। अगर आईटीआई बन जाती तो गांव के युवाओं को तकनीकी शिक्षा मिल जाती और वे अपना स्वंय या सरकारी रोजगार पा लेते। भाजपा नहीं चाहती कि युवाओं को रोजगार मिले। हैरानी की बात यह है कि खरक गांव मंत्री होने के बावजूद उक्त दोनों गांव विकास के मामले में पिछड़े हुए है।

वे आज गांव कलिंगा में जनसम्पर्क अभियान के तहत एकत्रित लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अग्रिवीर योजना लागू करके देश के युवाओं के साथ धोखा किया है। आज युवाओं का देश की सेना में भी भविष्य सुरक्षित नहीं है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार एससी व बीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। भाजपा ने क्रिमी लेयर घटाकर लाखों ओबीसी का आरक्षण छीना है। केंद्र व सरकार युवाओं को पेपर मामले में धोखा दे रही है। हर पेपर लीक हो रहे है। सरकार सो रही है,जबकि हरियाणा में तीन महीने बाद चुनाव होंगे,लेकिन भाजपा सरकार जनता के साथ झूठे वायदे कररही है। कहीं पर सौ.सौ गज के प्लाट,सरपंचों की पॉवर बढाने, नौकरियों देने को लेकर झूठे वायदे कर रही है। इसी तरह सरकार परिवार पहचान पत्र के लिए लोगों को लाइनों में खड़ा कर दिया।



भिवानी। लोगों से बातचीत करते युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास कुमार।

## समाधान प्रकोष्ठ ने समस्याएं सुनकर समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक विशेष समाधान शिविर लगाएं जा रहे

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार व डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में समाधान प्रकोष्ठ ने समस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर समाधान करवाया। सरकार ने प्रत्येक कार्य दिवस को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का उद्देश्य रखा है। प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक विशेष समाधान शिविर लगाएं जा रहे हैं।

मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में एडीसी हर्षित कुमार ने समाधान शिविर लगाकर लोगों की 64 समस्याएं सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करवाने के दिशा.निर्देश दिए। समाधान शिविर में उन्होंने नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, पारिवारिक विवाद, राजस्व, कानूनी कार्यवाही करने, लाल डोरा भूमि व बिजली इत्यादि से संबंधित समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करें। उन्होंने बताया कि सरकार की यह पहल लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने में कारगर सिद्घ हो रही है।

### अजय वैद वाल्मीकि ने की हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया से मुलाकात

**भिवानी।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के शानदार प्रदर्शन और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कई नेता मुलाकात और बैठकें कर चुनावों की रणनीति बना रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अजय वैद वाल्मीकि ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान उन्होंने संगठन सहित बवानीखेड़ा क्षेत्र की समस्याओं व पार्टी की गतिविधियों के बारे जानकारी दी। अजय वैद वाल्मीकि ने यहां बताया कि पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया से दिल्ली में हुई मुलाकात में बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की राजनीति से अवगत करवाया। गौरतलब है कि अजय वैद वाल्मीकि पिछले कई वषोंर् से पार्टी में सक्रिय हैं और पार्टी की सभी गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग लेते हैं। वे बवानीखेड़ा सुरक्षित सीट से मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। अजय वैद बवानीखेड़ा विधानसभा के बड़े और राजपूत बाहुल्य गांव तिगड़ाना से संबंध रखते हैं। प्रदेश और दिल्ली में नेताओं से उनको नेताओं का काफी नजदीकी माना जाता है।



भिवानी। हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया से मुलाकात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षा विभाग ने लाइव क्लास देकर बच्चों को दी शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- एसडीएम ने जिले का 10वीं व 12वीं का रिजल्ट अच्छा आने पर शिक्षकों को किया सम्मानित

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में एसडीएम हरबीर सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश में बोर्ड की परीक्षा 10वीं व 12वीं कक्षा का रिजल्ट अच्छा आने पर शिक्षा विभाग के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एसडीएम ने बताया कि जिला का रैंकिंग प्रदेशभर में 11वें स्थान पर आया है।

बैठक में एसडीएम ने संबंधित स्कूलों के प्राचार्यों व अध्यापकगणों को अच्छा रिजल्ट आने पर सम्मानित किया। बैठक में एसडीएम हरबीर सिंह ने जिला में शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड की कक्षाओं का अच्छा परिणाम देने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने डिजिटल युग के चलन के साथ कक्षाओं को ऑनलाइन लाइव शिक्षा देने की पहल की है।

शिक्षा विभाग ने अपग्रेड्स चैनल के माध्यम से बोर्ड कक्षाओं की लाइव कक्षाएं देकर अच्छा परिणाम दिया है,जिसके लिए सभी अध्यापक बधाई के पात्र है। एसडीएम ने इन लाइव कक्षाओं में विशेष सहयोग करने वाले पीजीटी अंग्रेजी मनोज कुमार, सुरेंद्र शर्मा, मुकेश, बजरंग, आशा, रामपाल, पूनम शर्मा, विभा यादव, शैलेष कुमार सहित सभी विषय विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया।

### लोगों को राहत पहुंचा रही मनीषा सांगवान की पेयजल टैंकर सेवा



**चरखी दादरी।** कांग्रेस नेत्री मनीषा सांगवान द्वारा शहर में चलाई गई पेयजल टैंकर सेवा लोगों को काफी राहत पहुंचा रही है। पेयजल किल्लत झेल रहे लोगों को शहर में टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। सोमवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर टैंकर सेवा पहुंची, जहां महिलाओं ने मनीषा द्वारा शुरू की मुहिम की काफी सराहना की व आभार जताया। बता दें कि बीते कुछ समय से दादरी शहर के लोग गर्मी के मौसम में बिजली व पानी की भारी किल्लत झेल रहे हैं। समस्या के समाधान के लिए लोग प्रशासनिक अधिकारियों, विभाग के अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से गुहार लगाकर थक चुके हैं। यहीं नहीं पार्षद स्वयं सड़कों पर उतरकर समस्या के समाधान के लिए रोष प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। सांगवान ने पेयजल टैंकर सेवा को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया, जिसके तहत शहर के अलग-अलग वार्डों, कालोनियों में पहुंचकर लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाकर उनकी समस्या कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

## लक्ष्य प्राप्त करने के लिए युवा करें कड़ी मेहनतः दलाल

# युवा वर्ग अपनी ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक कार्यों में करें: एसडीएम

- अंकित के लेफ्टिनेंट चयन होने पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने छात्र-छात्राओं को आहवान किया कि लक्ष्य निर्धारित कर दृढ निश्चय से पढाई के प्रति जुनून पैदा कर कड़ी मेहनत करें। युवा पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि अध्ययन के साथ-साथ अभ्यास पर पूरा ध्यान दें तथा नियमित अंतराल पर स्वयं का मुल्यांकन भी करते रहें।



तोशाम। प्रतिभाओं को सम्मानित करते एसडीएम दलाल व अन्य।

एसडीएम मंगलवार को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट अंकित शर्मा के चयन होने पर गांव बुशान में आयोजित बाबा भैरु नाथ प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर कक्षा दसवीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले बच्चों को भी किया सम्मानित। एसडीएम दलाल ने अंकित शर्मा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और युवाओं को अंकित शर्मा से प्रेरणा लेने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अपनी ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक कार्यों में करना चाहिए। एसडीएम ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें। माता-पिता को मालूम होना चाहिए कि उनके बच्चे की बैठक किन युवाओं के साथ है। एसडीएम ने युवाओं से मोबाइल फोन के दुरूपयोग से भी बचने का आग्रह किया। नेहरू युवा केन्द्र से जिला युवा अधिकारी रोहित यादव ने कहा कि आज का युवा वर्ग नशे की दलदल में धसतां जा रहा है। युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक होना चाहिए।

### सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं: शर्मा

समाजसेवी अनिल शर्मा ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं है। कड़ी मेहनत और लगन ही आपको सफलता दिलवा सकती है। सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने अभिवावकों से अपील की कि बच्चों पर अपने केरियर को लेकर किसी तरह का दबाव न बनाएं, उनको रुचि अनुसार आगे बढ़ने देना चाहिए। इस मौके पर बाबा भैरु नाथ प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा दसवीं व 12वीं में 80 प्रतिशत अंक लेने वाले व खेल के क्षेत्र में अव्वल रहने वाले 20 बच्चों को एसडीएम दलाल ने मेडल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सरपंच मेहरचंद, पूर्व सरपंच बीरसिंह व प्रधान प्रदीप ने एसडीएम दलाल को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महंत पूर्णनाथ, महंत छोटूनाथ, जयबीर मूंड, प्रधान नरेश शर्मा, महान सिंह, मुकेश श्योराण, संदीप गौड़, जेपी हसान, चन्द्र भान सरपंच, ढुलीचंद, बृजपाल फौजी, मा. विनोद, सोनू गोदारा, सुभाष शर्मा, सुनील चौहान, सुखबीर संडवा, हिम्मत कालीरामण, उमेश हवलदार, भीम सामटिया आदि मौजूद रहे।

## साधकों को मानसिक शांति के लिए मेडिटेशन का करवाया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

आर्य समाज विकास ट्रस्ट बहल के तत्वावधान में आर्य समाज बहल द्वारा आर्य समाज मंदिर में चल रहे ध्यान.योग.साधना एवं चिकित्सा शिविर के तीसरे दिन साधकों को आध्यात्मिक शक्ति व मानसिक शांति के लिए मेडिटेशन का अभ्यास करवाया गया।

जनकल्याण की सुख, शांति व समृद्धि के लिए सामवेद पारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। मंगलवार को शिविर की शुरूआत में सूक्ष्म व्यायाम करवाए गए व उनके फायदों के बारे में बताया गया। योगाचार्य हरपाल शास्त्री ने कहा कि ये सूक्ष्म व्यायाम शरीर के हर एक अंग को गतिशील बनाते हैं और शरीर को योग के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने चक्रासन, ताड़ासन, धनुरासन, गौमुखासन सहित अन्य आसनों का अभ्यास करवाया। इसके अलावा अनुलोम विलोम, कपालभाति, शीतकारी, शीतली प्राणायाम की विधि बताकर उनसे शरीर में होने वाले विभिन्न फायदों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्राणायाम हर उम्र की व्यक्ति के लिए लाभकारी है। शिविर के बाद यज्ञशाला में सामवेद यज्ञ का आयोजन किया गया। योगाचार्य हरपाल शास्त्री ने उपस्थितजनों को यज्ञ का महत्व बताया गया। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय से ही हमारे साधु संतों व योग षियों ने योग व हवन की महत्ता को जानकर इसे जन जन तक पहुंचाने का काम किया।



बवानीखेड़ा। ओपीएस को लेकर एकजुट कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारी हुए लामबंद

- मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महासचिव ऋषि नैन राज्य ऑडिटर विजय भुना और भुना ब्लॉक प्रधान दिलीप भाकर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले ब्लॉक स्तर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महासचिव ऋषि नैन राज्य ऑडिटर विजय भुना और भुना ब्लॉक प्रधान दिलीप भाकर रहे। भिवानी जिला प्रधान विक्रम जीत, प्रभारी नरेश मेहता ब्लॉक प्रधान नवीन कौशिक सलाहकार निरंजन कौशिक के नेतृत्व में आगामी रणनीति को लेकर विचार विमर्श किया गया और कहा की एनपीएस पीड़ित कर्मचारी लम्बे समय से अपने बुढ़ापे के सहारे पुरानी पेंशन की लगातार मांग करते हुए संघर्ष कर रहे हैं।

अब वह दिन ज्यादा दूर नहीं है जब कर्मचारी अपनी चिरप्रतीक्षित माँग को पूरा करवा पाएंगे। सरकार लोकसभा चुनावों में कर्मचारियों के विरोध और अनदेखी का परिणाम देख चुकी है। अगर अब भी सरकार की आंखें नहीं खुलती हैं तो विधानसभा चुनावों में सरकार को इसका भारी खामयाजा भुगतान पड़ेगा। कर्मचारी वोट फॉर ओ पी एस की मुहिम चलाने को मजबूर हो जाएगा। तब सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता देखना पड़ेगा। अन्यथा कर्मचारियों को फिर बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। सभी कर्मचारियों को एक बार फिर बड़े संघर्ष के लिए तैयार रहना है। हमारा संघर्ष अंतिम चरण में है। हम शीघ्र ही कामयाब होंगे। इस अवसर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान बीर सिंह वशिष्ठ, ब्लॉक कोषाध्यक्ष कृष्ण रोहिल्ला, सत्यवान यादव आदि सहित विभिन्न विभागों से आये कर्मचारियों ने अपने विचार साझा किये और राज्य कार्यकारिणी के निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई के लिए तन मन धन से साथ देने का विश्वास दिलाया।

## खबर संक्षेप

### 25 जून की काली रात नहीं भूली जाती : वधवा



**भिवानी।** आपातकाल के 49 साल पूरे होने पर लोकतंत्र बचाने वाले इन सेनानियों को प्रणाम करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि 25 जून 1975 की वो काली रात थी, जो लोकतंत्र प्रेमी व भारतवासी भुला नहीं सकते है। देश को जेलखाने में बदल दिया गया था। विरोधी स्वर को दबोच दिया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी, जयप्रकाश नारायण, लालकृष्ण आडवाणी सहित नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया था। इमरजेंसी के दौरान पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी नहीं दिखाई और न अदालत में पेश किया और अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा।

### लाभार्थियों को आज मिलेगा प्रमाण पत्र

**चरखी दादरी।** हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना (प्रथम चरण) के तहत दिए जाने वाले प्लॉटों के लिए आज प्रमाण पत्र दिया जाएगा, इसके लिए नारनौल में कार्यक्रम का आयोजन होगा और जिला के लाभार्थी वहां पहुंचेंगे। सुबह 9 बजे रोज गार्डन से बस नारनौल के लिए रवाना होगी। नगर परिषद के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत सोमवार को ड्रा निकाला गया था और जिला के 708 लोगों का नाम ड्रा में आया है।

### बंद मकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**भिवानी।** भिवानी की मंडी टाउनशीप में व्यक्ति के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर कर चोर जेवरात व कैश चोरी कर ले गया। चोर वारदात को अंज़ाम देते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। राजस्थान के कुहाडवास निवासी संजय ने बताया कि वह काफी समय से भिवानी की मंडी में किराये के मकान पर रहता है। उसने बताया कि 18 जून 2024 को घर पर ताला लगाकर अपने गांव राजस्थान चला गया था। और 24 जून को भिवानी अपने मकान पर आया तो देखा कि मकान के ऊपर नीचे दोनों जगह के कमरों के ताले टूटे हुए थे। 23 जून की रात को चोरी की वारदात हो गई।

## झील में उगी घास व फैली गंदगी

# करोड़ों खर्च करने पर भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय झील बदहाली का शिकार

- प्रशासन व सरकार से की तालाबों के सौंदर्यीकरण की मांग, अनेक बार हो चुकी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा की तालाबों की बात करें तो सभी बदहाल है। वर्षों पुराना बाबा कमाल के नाम से तालाब होता था, जिसके लिए सरकार ने करोड़ों रुपये की ग्रांट मंजूर की और इसका नामकरण पंडित दीनदयाल उपाध्याय झील किया गया, लेकिन ये झील सिर्फ नाम की ही झील हैं और करोड़ों रुपये झील के नाम पर आखिर कहां खर्च किए गए हैं, इसका अंदाजा लगाया जाना बहुत ही मुश्किल हैं, क्योंकि तालाब को झील को नाम तो दिया गया, लेकिन उसमें आज भी बड़ी बड़ी घास उगी हुई हैं और गंदगी फैली हुई हैं।

बदहाली का शिकार अब इसे झील कहेंगे या तालाब ये सोचने और देखने वाली बात हैं। उल्लेखनीय हैं कि बाबा कमाल तालाब से पंडित दीनदयाल झील बनाने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए, इसके बावजूद ये न तो झील बनकर तैयार हुई, जिसमें कस्बावासी आनंद उठा सकें और न ही ये वर्षो पुरानी तालाब बना रह सका। इसको लेकर कस्बावासी अनेक बार विरोध प्रदर्शन व धांधली की जांच करवाने की मांग कर चुके, लेकिन अनेक जांच के बावजूद मामला खटाई में चला जाता हैं। तालाबों की बदहाली को लेकर कस्बे के लोगों ने प्रदर्शन किया तथा सरकार व प्रशासन से इनके सौंदर्यीकरण की मांग की। हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू, समाजसेवी प्रेम गक्खड़, पार्षद अजय वाल्मीकि, मनफूल यादव, हनुमान पाराशर, रमेश पाराशर, राकेश मुंढ़ाड़ा, राजेन्द्र कौशिक व राजकुमार पाराशर ने बताया कि बाबा कमाल की तरह कस्बा में तीर्थ तालाब भी है, वह भी बदहाली के आंसू बहा रहे हैं, उसमें आज तक फूटी कोड़ी नगर पालिका ने विकास के नाम पर खर्च नहीं की है।





बवानी खेड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय झील की बदहाली पर विरोध प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय झील की बदहाल स्थिति, उसके अंदर उगी घास व फैली गंदगी। फोटो : हरिभूमि

### तालाबों में मछली पालन का ठेका देने पर लाखों कमा रही नगर पालिका

क्षेत्रवासियों ने कहा कि तालाबों पर नगर पालिका ने एक भी रुपये खर्च नहीं किया हैं, बस तालाबों को मछली पालन के लिए देकर लाखों रुपये ठेका नगर पालिका फायदा जरूर उठा रही है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका व सरकार ने अगर समय रहते ध्यान दिया होता तो आज भीष्ण पानी की समस्या में दोनों तालाब कस्बावासियों के लिए वरदान साबित होते, कम से कम पशु नहलाने तथा उनकी प्यास बुझाने में तो जरूर मदद करते।

### कस्बावासियों ने नगर पालिका व प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

कस्बा के लोगों ने जमकर नगर पालिका व प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी तथा बाबा कमाल तालाब में बनी झील के विकास के नाम पर हुई धांधली की जांच की मांग भी की तथा बाबा कमाल व तीर्थ तालाब की ओर नये सिरे से ध्यान देने की भी मांग की वहीं कस्बा के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कहा कि लम्बे समय से विकास कार्यो की गति रूकी हुई है गली, रोडों, सड़कों, नाली व नालों का बुरा हाल है, अगर तुरंत नपा प्रशासक, अधिकारियों तथा सरकार ने कस्बा के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया तो लोग जनआंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# पुल की हाइट बढ़वाने, खेतों में सिंचाई के नालों का उचित निकास करवाने को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। रोष प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से करेंगें बात

बड़सी से मिलकपुर हाइवे पर एनएचएआई 148बी हांसी से भिवानी मार्ग के निर्माण में मिलकपुर, दुर्जनपुर, बड़सी जाटान, बड़सी गुजरान, चौरटापुर, सिकंदरपुर, जीता खेड़ी, ढ़ाणी केसला आदि के ग्रामीणों की मांगे पूरी न होने को लेकर उनका धरना प्रदर्शन जारी है।

वहीं ग्रामीणों ने भारत सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मिलने का एजेंडा तैयार कर लिया है ताकि उनकी मांगों को पूरा करवाया जा सके। पंचायतों ने इंट्री एक्जिट का निर्माणए पुल की हाइट चार मीटर से पांच मीटर करने तथा खेतों में सिंचाई के नालों का उचित निकास करवाने को लेकर ग्रामीण जल्द ही अपना मांगपत्र सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मिलेगें। प्रदीप चाहरए फतेहसिंहए अनिल ओलाए बाली पूर्व सरपंचए भान औलाए सहित बड़सी मजरा के सभी गांवों के व्यक्तियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर सार्वजनिक पंचायत में फैसला लिया कि था कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होता वे धरने पर बैठे रहेंगें। उनका धरना बदस्तूर जारी है।

# विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर किया सम्मानित

- जिला स्तरीय वुशू चैंपियनशिप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बैंक कालोनी स्थित दुर्गा स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रांगण में जिला स्तरीय वुशू चैंपियनशिप का आयोजन किया, जिसमे पूरे जिले से 110 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का दम खम दिखाया।

कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में मुए थाई खेल संघ के उपाध्यक्ष व हरियाणा वुशू संघ के कार्यकारीणी सदस्य मुकेश तवंर शामिल हुए व विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मुए थाई खेल संघ की वॉमैन सैल कि चैयरमैन मितलेश तवंर व संघ के तकनीकी निदेशक राकेश दिसोदिया शामिल हुए। वुशू कोच व जिला वुशू संघ के महासचिव सोमबीर शर्मा ने बताया कि चैमिपयनशीप में जिले के 110 महिला व पुरुषों ने भाग लिया और जूनियर वर्ग के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी भिवानी में होने वाली 14वीं जूनियर स्टेट वुशू चैमिपयनशीप में भाग लेंगें। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया।



भिवानी। खिलाड़ियों का परिचय करवाते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

अतिथियों को फूल मालाएं पहनाकर व स्मृति चिहन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के तकनीकी निदेशक व कोच राकेश दिसोदिया, मुए थाई खेल संघ हरियाणा के सहसचिव दीपक भाकर, कोच शुभम शर्मा सिवाड़ा, संघ के कोषाध्यक्ष कर्मवीर कौशिक पालुवास, कोच प्रिति खनौरिया, कोच ममता कंलिगा, प्रदीप शर्मा जाटू लुहारी, नरेश तंवर, ऋषभ, गौरव, सुरज तवंर आदि मौजूद थे।

प्रतियोगिता में दुर्गा स्पोर्ट्स एकेडमी ने सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा किया जबकि दूसरे स्थान की ट्रॉफी पर अम्बेडकर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम रही।

### 20 अगस्त को किया जाएगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**चरखी दादरी।** भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए ह्यफोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। कार्यक्रम के अनुसार 25 जून से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम आशीष सांगवान की अध्यक्षता में दादरी विधानसभा की बैठक हुई और लोगों को अपील की गई है कि इस अभियान के तहत बीएलओ का सहयोग करते हुए सत्यापन कार्य करवाएं। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार मतदाताओं के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे। सभी मतदाता बीएलओ को सही जानकारी दें व सहयोग करें। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना फार्म भरकर बीएलओ को दे सकते हैं। बीएलओ द्वारा वेरिफिकेशन के बाद दोहरे नामों को मतदाता सूची से हटाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 27 जुलाई शनिवार व 28 जुलाई रविवार तथा 3 अगस्त शनिवार व 4 अगस्त रविवार को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# चेन्नई में नृत्य की धूम मचाएंगे तोशाम के बाल कलाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

बाबा मुंगीपा नगरी तोशाम के कलाकार दिन-प्रतिदिन अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में तोशाम के कुछ नन्हे-मुन्ने कलाकार अपने नृत्य की प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तोशाम से चेन्नई के लिए रवाना हुए हैं।

यदि चेन्नई में यह प्रतिभावान कलाकार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं तो आगामी समय में यह देश ही नहीं बल्कि विदेश यानी कि संभावित स्थान स्वीटजरलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी अपने नृत्य के दम पर तोशाम की माटी की धूम मचाएंगे। उल्लेखनीय है कि तोशाम निवासी बाल कलाकार हितेन डेमला, ख्वाहिश, खुशी, वंशिका तथा हर्ष ने गत 16 जून को जींद में आयोजित राज्य स्तरीय दूसरे हरियाणा राज्य डांस स्पोर्ट चैंपियनशिप में अपने डांस का लोहा मनवाते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। जिसके तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए चेन्नई बुलायाा।

प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए यह बाल कलाकार चेन्नई के लिए रवाना हुए हैं और नृत्य के दम पर चेन्नई में तोशाम की माटी की धूम मचाएंगे।



तोशाम। कोच विनोद व तोशाम के बाल कलाकार हितेन डेमला, ख्वाहिश, खुशी, वंशिका व हर्ष।

### समाधान शिविर में 71 शिकायतों पर हुई सुनवाई, 10 का मौके पर समाधान

**चरखी दादरी।** हररोज समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर कार्यवाही होगी, हल होने वाली शिकायतों का समाधान मौके पर किया जा रहा है और बाकी शिकायतों को प्रक्रिया पूरी करके समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। साथ ही संबंधित विभागों से कार्यवाही की रिपोर्ट भी ली जा रही है। उपायुक्त मनदीप कौर ने समाधान शिविर के दौरान आई शिकायतों के बारे में पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विभागों अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिविर में आने वाली शिकायतों पर निर्धारित समय अवधि में कार्यवाही करें और रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को दें। उन्होंने बताया कि काफी शिकायतें एवं मांगे ऐसी होती हैं, जिनका समाधान मौके पर ही कर दिया जाता है। बाकी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को लिखा जाता है। कई शिकायतें ऐसी भी होती हैं।

### ग्वार की जड़गलन रोग की रोकथाम को बीज उपचार करना जरूरी : डॉ. यादव

**भिवानी।** खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में ग्वार की अधिक बिजाई करके तथा उत्पादकता बढ़ाने के मकसद से जिले के खंड बहल के गांव हरियावास में ग्वार फसल पर प्रशिक्षण का आयोजन किया, जिसमें किसानों को उचित समय पर बिजाई, उन्नत किस्में अपनाने, बीजोपचार व संतुलित खाद का प्रयोग करने पर जानकारी दी। शिविर कृषि विभाग बहल के एटीएम डॉ. मदन सिंह के तत्वावधान में ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव के साथ मिलकर ट्रेनिंग का आयोजन किया। डॉ. मदन सिंह ने प्राकृतिक खेती बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। ग्वार विशेषज्ञ का किसानों से रूबरू होने पर पता चला पिछले साल के मुकाबले में इस साल 10 से 15 प्रतिशत ग्वार का रकबा बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा किसानों से पता चला कि जड़गलन रोग (उखेड़ा) बीमारी करीबन 45 से 60 प्रतिशत क्षेत्र में आती है।

# युवा वर्ग अपनी ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक कार्यों में लगाएं

- लक्ष्य प्राप्त करने के लिए युवा करें कड़ी मेहनत
- अंकित शर्मा के लेफ्टिनेंट चयन होने पर किया प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने छात्र छात्राओं को आहवान किया कि लक्ष्य निर्धारित कर दृढ निश्चय से पढाई के प्रति जुनून पैदा कर कड़ी मेहनत करें। युवा पुस्तक पढने की आदत विकसित करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अध्ययन के साथ.साथ अभ्यास पर पूरा ध्यान दें तथा नियमित अंतराल पर स्वयं का मुल्यांकन भी करते रहें। एसडीएम मंगलवार को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट अंकित शर्मा के चयन होने पर गांव बुशान में आयोजित बाबा भैरु नाथ प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर कक्षा दसवीं व 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले बच्चों को भी किया सम्मानित। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने अंकित शर्मा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और युवाओं को अंकित शर्मा से प्रेरणा लेने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अपनी ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक कार्यों में करना चाहिए। एसडीएम ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें।



तोशाम। सम्मान समारोह में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मुआवजे में पांच एकड़ की शर्त हटाने की उठाई मांग

# ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा ने इसी साल मार्च में हुई ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के दिए मुआवजे को अप्राप्त बताते हुए गोरीपुर गांव में सरकार विरोधी प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने कहा कि मार्च 2024 में अचानक ओलावृष्टि ने कई गांवों में पककर तैयार होने वाली सरसों, गेहूं व अन्य फसलों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया था। उस समय भिवानी तहसील के गांव मानहेरु, धारेडू, गोरीपुर, कितलाना, नन्दगांव, झरवाई, मद्यमाधवी, नांगल व दादरी जिले के डोहकी व अन्य गांवों में ओलावृष्टि से शत प्रतिशत फसलों का नुकसान हुआ है। वहां कुछ किसानों को सरसों के नुकसान के प्रति एकड़ नौ हजार रुपये तथा गेहूं के लिए 11 हजार रुपये प्रति एकड़ मिले हैं, वे भी सभी पीड़ित किसानों को नहीं मिले तथा पांच एकड़ से ज्यादा जमीन मालिक किसानों को कोई मुआवजा नहीं मिला, जो अन्याय है। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि सरकार ने रोजगार से प्रभावित उन क्षेत्रों के मजदूरों को भी मुआवजा देना चाहिए था।




भिवानी। मुआवजे की मांग को लेकर विरोध जताते किसान सभा के पदाधिकारी व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को बकाया बीमा क्लेम दिया जाए

उन्होंने कहा कि किसान सभा पीड़ित व प्रभावित किसानों के लिए 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के लिए मुआवजा लेने की मांग को लेकर आन्दोलन करेगी। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि जिले के किसानों का बकाया बीमा क्लेम, मुआवजा दिया जाए तथा बिधवान में चल रहे टावर आन्दोलनकारी किसानों को प्रति टावर 5 लाख रुपये किसानों को मुआवजा दिया जाए।

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, ब्लॉक प्रधान नरेन्द्र धनाना, गोरीपुर किसान युद्धवीर सिंह, अरविंद सांगवान, ब्रह्मानन्द, कंवरसिंह, सतबीर शर्मा, कर्मजीत सिंह, पद्म, राजकुमार, महीपाल, मीरसिंह, चन्द्र, वीरेन्द्र, जोगेंद्र, हरफूल व शमशेर मेहरा आदि शामिल थे।

### स्वस्थ तन ही सबसे बड़ा धन, गांवों को स्वच्छ बनाना जरूरी: सैनी

**भिवानी।** मंगलवार को दादरी शहर में नगर परिषद के निर्देशानुसार श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट ने वार्ड नंबर-5, काठमंडी, सैनीपुरा के अंदर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी व सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.सुभाष जैन भी पहुंचे और उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन ही सबसे बड़ा धन है, स्वस्थ रहने को घर, पड़ोस व गांव को स्वच्छ बनाना जरूरी है। उसके पश्चात नगर परिषद द्वारा चलाए स्वच्छ सप्ताह दिवस अभियान के चलते काठमंडी, सैनीपुरा में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई का कार्य किया और वहां के लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट के सुपरवाइजर एवं पूरी टीम द्वारा लोगों को सफाई करने के लिए प्रेरित किया और कचरे को केवल कचरा वाहन में डालने का संदेश दिया।